an>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri Resham Lal Jangde, a member of the Provisional Parliament and the First, Second and Ninth Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सदन के पूर्व सदस्य श्री रेशम लाल जांगड़े का दिनांक 11 अगस्त, 2014 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में 89 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया है।

आपने पहली, दूसरी और नौवीं लोक सभा में मध्य प्रदेश के बिलासपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, जो अब छत्तीसगढ़ में है, का प्रतिनिधित्व किया। वे अनंतिम संसद के सदस्य भी थे। एक सुयोग्य संसदविद् श्री जांगड़े ने कई संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया।

श्री जांगड़े वर्ष 1962 से 1967, 1972 से 1977 और 1985 से 1989 तक तीन बार मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे। उन्होंने 1963 में मध्य प्रदेश सरकार में उपमंत्री के रूप में भी कार्य किया।

एक सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्त्ता, श्री जांगड़े ने स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया था। उन्होंने सामाजिक समरसता और दहेज प्रथा के उन्मूलन के लिए सतत् प्रयास किए।

हम श्री रेशम लाल जांगड़े के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और शोकसंतप्त परिवारों को अपनी संवेदनाएं प्रेषित करते हैं।

अब सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ पल के लिए मौन धारण करेगी।

11.01 Â½ hrs.

The Members then stood in silence for short while.

â€¦(व्यवधान)